राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिकों के कल्याण हेतु अंशदान किया

पटना, 07 दिसम्बर 2021

गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने राजभवन पहुँचकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान को इस विशेष दिवस का 'फ्लैग' लगाया। राज्यपाल ने सैनिकों के कल्याण के लिए 'बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनेवोलेन्ट फंड' में अंशदान भी दिया।

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने इस अवसर पर भारत की सशस्त्र सेना के सभी पदाधिकारियों एवं जवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि वे अपने प्राणों की बाजी लगाकर हमारे राष्ट्र की रक्षा करते हैं। उन्होंने बिहारवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर 'बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनवोलेन्ट फंड' में उदारतापूर्वक अंशदान करने की अपील करते हुए कहा कि सैनिकों और उनके परिजनों की मदद करना हमारा नैतिक दायित्व है और हमारा यह अंशदान देश के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता होगी।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, गृह विभाग के सचिव श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक सेवानिवृत कर्नल श्री दिलीप प्रसाद आदि भी उपस्थित थे।

....